
MPHIN/2021/83938



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 209 | ग्वालियर, सोमवार 8 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

### देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है मोदी

## नवादा की जनसभा में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा. ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी और एनडीए गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में रैली कर रहे हैं. रविवार को पीएम मोदी बिहार के नवादा पहुंचे. जहां उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया. पीएम मोदी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने विकास के तमाम काम किए हैं और आने वाले दिनों में भी विकास का कार्य जारी रहेंगे. पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत छठी मैया की जयकार के साथ की. पीएम मोदी ने कहा कि मगध की इस महान धरती में चंद्रगुप्त मौर्य का शौर्य है, आचार्य चाणक्य की बौद्धिक क्षमता है और इसमें देश को दिशा देने का अद्भुत सामर्थ है. ये क्षेत्र बिहार के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी श्रीकृष्ण बाबू की जन्मभूमि भी है. नवादा लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की कर्मभूमि है. मैं इन सभी महान विभूतियों को आदर पूर्वक नमन करता हूं. नवादा ने बीजेपी एनडीए को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया है. ये साफ-साफ बता रहा है कि नवादा के साथ-साथ पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते दस



वर्षों में देश ने जिन ऊंचाईयों को छुआ है विकास के जो काम हुए हैं एनडीए को मिल रहे जनसमर्थन में उसकी झलक देखने को मिल रही है. पीएम मोदी ने कहा कि लाल किले से मैंने कहा था कि यही समय है सही समय है, भारत के इतिहास में कई शताब्दियों के इंतजार के बाद ये समय आया है. ये वो समय है जब हम मिलकर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है. भारत अपनी गरीबी दूर कर सकता है हमें इस मौके को गंवाना नहीं है. इसलिए चौबीस का ये चुनाव बहुत अहम हो गया है. बीते दस वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक निर्णय देखे हैं. पीएम मोदी ने आगे कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है, मैं भी आपकी ही तरह गरीबी को जीकर यहां आया हूं, मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश में क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासी कच्चे घरों में रहने को मजबूर थे. या बेघर थे. देश के गांवों में ज्यादातर लोग खुले में शौच जाने को मजबूर थे. गरीबों के पास न गैर कनेक्शन था नल से जल आता था. गरीब का राशन बिचौलिए खा जाते थे. अस्पताल में इलाज के लिए गरीब को दर दर भटकना पड़ता था. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गरीब का बेटा मोदी गरीब का सेवक है मैं जब तक देश के हर भाई बहन की गरीबी दूर नहीं कर दूंगा चैन से नहीं बैठुंगा. उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में गरीब कल्याण के लिए जो काम हुआ वो आजादी के बाद छह दशकों में नहीं हुआ. पीएम मोदी ने कहा कि इसी का नतीजा है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. जब नीयत सही होती है हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं.

## वाराणसी में मिली बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की कार

**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी जेपी नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की चोरी हुई फॉर्च्युनर कार वाराणसी से मिल गई है. ये कार राजधानी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से 19 मार्च को चोरी हो गई थी. उसके बाद ड्राइवर ने कार चोरी होने की एफआईआर दर्ज कराई थी. पुलिस ने कार की खोज के लिए बड़ा अभियान शुरू किया था. जिसमें आखिरकार पुलिस को सफलता मिल गई और कार को वाराणसी से बरामद कर लिया गया. बता दें कि ड्राइवर जोगिंदर कार की सर्विस कराने के बाद गोविंदपुरी स्थित अपने घर पर खाना खाने आया था. इसी दौरान कार चोरी हो गई. उसके बाद जोगिंदर ने कार चोरी की



पुलिस में शिकायत की. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार की तलाश शुरू कर दी. कार की खोज के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें पता चला कि चोर कार को गुरुग्राम की ओर लेकर जा रहे हैं. नड्डा की पत्नी की फॉर्च्युनर कार का नंबर हिमाचल प्रदेश का है. क्योंकि नड्डा वहीं के रहने वाले हैं और उन्होंने इस कार का रजिस्ट्रेशन अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कराया था. कार चोरी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने छानबीन में पता लगाया कि बदमाश क्रेटा कार में बैठकर जेपी नड्डा की पत्नी की कार चोरी करने आये थे.

## भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने बड़ियारगढ़ में भगवान घंटाकर्ण देवता का लिया आशीर्वाद

**देवप्रयाग।** गड़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी रविवार को अपने चुनाव प्रचार के लिए देवप्रयाग विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बड़ियारगढ़ क्षेत्र में भगवान घंटाकर्ण देवता (घंडियाल देवता) के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा क इस क्षेत्र के आराध्य भगवान घंडियाल का बड़ा लोक महत्व है। सुरम्य स्थान पर स्थित मंदिर परिसर को विधायक विनोद कंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवान, स्थानीय निवासियों और भक्तों ने बहुत सुंदर स्वरूप दिया है। घंडियाल देवता से आप सबकी सुख समृद्धि की कामना करता हूं।

## भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी प्रचार के लिए पहुंचे देवप्रयाग के नैनीसैण

**देवप्रयाग।** उत्तराखंड की गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी अपने चुनाव-प्रचार में जोर शोर से लगे हुए हैं। वह रविवार को अपने चुनाव-प्रचार के लिए टिहरी जनपद की देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नैनीसैण में मातृशक्ति ने उनको आशीर्वाद देते हुए उनका स्वागत किया। जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने जनता से उनके समर्थन में वोट की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धि बताते हुए फिर से भाजपा सरकार बनाने की अपील की।



## गुजरात की पारुल यूनिवर्सिटी में राजस्थान के छात्र ने की खुदकुशी

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में पारुल यूनिवर्सिटी परिसर की इमारत की छठी मंजिल से छलांग लगाकर एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को बताया की मृतक छात्र राजस्थान का निवासी है। यूनिवर्सिटी में घटना शनिवार रात घटी। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी हाल ही में विवादों का केंद्र रही है। फरवरी में यूनिवर्सिटी नस्लीय भेदभाव के लिए सुर्खियों में आई थी। अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज कार्यक्रम में शामिल अफ्रीकी छात्रों को नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ा था। यूनिवर्सिटी परिसर में उनके साथ दुर्व्यवहार, हाथापाई की गई और हमला किया गया था। इससे भारत में उनकी शैक्षणिक यात्रा प्रभावित हुई। इसके बाद मार्च में गुजरात हाईकोर्ट ने 38 अयोग्य छात्रों को प्रवेश देने के लिए प्रशासन की निंदा की। कोर्ट ने एक निर्णायक कदम में, यूनिवर्सिटी को दो हफ्तों के भीतर प्रत्येक प्रभावित छात्र को पूरी फीस, ब्याज और हर्जाने के साथ, कुल 10 लाख रुपये वापस करने का आदेश दिया था।




## सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप का सामूहिक उपवास

*नई दिल्ली।* *आम आदमी पार्टी आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास करेंगे. इसके लिए आप नेता जंतर मंतर पर जुटेंगे. बता दें कि सीएम केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली के कथित शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं. कोर्ट ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा है. इससे पहले जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल को गिरफ्तार करने*




*से पहले लंबी पूछताछ भी की थी. केजरीवाल की गिरफ्तारी का आम आदमी पार्टी विरोध कर रही है. इसके लिए आप ने आज यानी रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर सामूहिक उपवास करने और विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है. इसमें आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद और दिल्ली सरकार के मंत्री भी शामिल होंगे. वहीं पंजाब में भी आप आज सामूहिक उपवास कर रही है. बता दें कि दिल्ली के शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगे हैं. मार्च में उनको गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने लंबी पूछताछ की थी. इससे पहले सीएम केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय को किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का रुख किया था. सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले ही केजरीवाल ने अपनी याचिका वापस ले ली थी, जबकि दिल्ली हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली.*

STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ
पैसे कमाओ

कमायें
5000 रु.
प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ
5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139
Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram
Gwalior, Madhya Pradesh 474020
Website : www.stormesmartsolutions.com

### शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ. मा. वि.

# भिण्ड की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम

## समाजिक वानिकी (रोपणी) छोलियाना भिण्ड में





**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। को शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ. मा. वि. भिण्ड की करीब अदा सैक?ा छात्राओं ने एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सामाजिक वानिकीय( रोपणी )छोलियाना नर्सरी भिण्ड मे किया जिसमे नर्सरी विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा छात्राओं को पौधों की जानकारी अवगत कराया गया एवं हर एक पेड की उपयोगिता के बारे म बताया गया 7 इस अवसर पर देवेंद्र तिवारी रोपण प्रभारी और विशाल भदौरिया रोपणी सहायक रोपणी भिण्ड ने छात्राओं को बताया की इस भिण्ड की नर्सरी की शुरुआत 2004 से प्रारंभ हुई और नर्सरी का नाम छोलिया इसलिए रखा गया क्योंकि इस नर्सरी में सबसे पहले छोले के पेड़ उगाये गए थे 7 इस कार्यक्रम मे शिक्षिका रेखा शिवहरे ने कहा कि हम सबको वृक्ष लगाने चाहिए उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की हम अपने जीवनकाल मे कमसे कम एक लाख पौधो का रोपण करेंगे सभी बच्चियों को मिलकर हमारे वृक्षारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है7 इस अवसर पर सहायक के रूप मे उपस्थित रहे शिक्षक सौरभ पाल ने छात्राओं को शपथ दिलाई की हम सब पॉलिथीन का काम प्रयोग करेंगे और जन्मदिन या किसी उत्सव पर निशुल्क एक पेड उपहार के रूप मे प्रदान करने की कोशिश करेंगे और उन्होंने अपने विद्यालय की प्राचार्य महोदय एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को भी धन्यवाद दिया की उनके मार्गदर्शन मे विद्यालय इस प्रकार की अनेक शैक्षणिक गतिविधियां और नवाचार हो रहे हैं 7 इस अवसर पर छात्राओं ने कहा की हमें नर्सरी में आकर वेहद खुशी हो रही है की एक शासकीय विद्यालय मे हम सबको निशुल्क शैक्षणिक कार्यक्रम एवं नवाचार गतिविधियां कराई जाती हैं। इस कार्यक्रम मे सहायक के रूप मे रेखा शिवहरे शिक्षिका सौरभ पाल शिक्षक कु. आकांक्षा गोयल,वर्षा भदोरिया, नेहा तोमर,ममता कुशवाहा,खुशी शाक्य,स्वीटी राठौर,प्राची चौहान, शबाना, कल्याणीशर्मा,गीता,सवाना खान,दीक्षा बघेल नंदिनी,संध्या ओझा, खुशी बघेल शिवानी वाथम पूनम राठौर, डोली सोनी,रेशमा, सरोज भारती,दिव्या,अंजलि चौरसिया, पूजा रोशनी रीता दौहरे,शिवानी,पूजा, सृष्टि आदि छात्र उपस्थिति रही।



## मनुष्य अपनी चेतना शक्ति को पहचाने

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। जिस प्रकार दूध में घी छुपा हुआ है पर उसे प्राप्त करने के लिए युक्ति के द्वारा उसे मंथन करके प्राप्त किया जाता है इसी प्रकार से प्रत्येक मनुष्य के हृदय में परमात्मा छुपे हुए है जब सदगुरू के द्वारा आत्म ज्ञान की प्राप्ति होती है तभी मनुष्य उसकी अनुभूति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य शरीर की महिमा इसीलिए गाई गई है क्योंकि वह इसके माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति कर सकता है। उक्त विचार महात्मा मुक्ताबाई जी ने श्री हंस सत्संग आश्रम के आर पुरम बंगलौर में मां राजेश्वरी देवी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित मातृ दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने नारी को शक्ति स्वरूपा बताते हुए कहा कि नारी निंदा मत करो नारी नर की खान नारी से पैदा हुए ध्रुव प्रहलाद महान। मां राजेश्वरी देवी के अलौकिक जीवन पर उन्होंने विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। महात्मा प्रवीणा बाईजी ने कहा कि एक मां ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों के दायित्व का निर्वहन करती है। संतान को प्राप्त कर ब्रह्मा का उसका पालन पोषण कर विष्णु का और उसके अवगुणों का नाश करके शिव



का कार्य पूर्ण करती है। महात्मा सौम्यानंद जी ने मां राजेश्वरी देवी के लोक कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माताजी का जीवन गरीबों और पिछड़े लोगों के जीवन के उत्थान के लिए समर्पित रहा। महात्मा भावना नंदजी, महात्मा आत्मवेदांतानंदनी ने भी विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत राजस्व अधिकारी बसवराज ने कन्नड़ भाषा में श्री मां के जीवन चरित्र का चित्रण किया। डा. विजयकुमार, संदीप, नारायणलाल, कुकी बाई ने माल्यार्पण कर संत वृंदो का स्वागत किया। इस अवसर पर एच एल शर्मा, सुमेरसिंह, भीकाराम काग, नारायनलाल परिहार, श्याम दास वैष्णव , प्रवीण जोशी, प्रकाश परिहार,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमकिशोर बर्फा ने किया। उक्त जानकारी मानव उत्थान सेवा समिति बेंगलुरू द्वारा ज़ारी प्रेस विज्ञप्ति में अमनदीप चौहान ने दी।

## आज मौ नगर में गौरी मंदाकिनी पॉली क्लीनिक पर मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.वेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में सभी डॉक्टरों के द्वारा गौरी मंदाकिनी पॉली क्लीनिक पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सबसे पहले भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर मरीजों को जूस एवं निशुल्क जांच सिविर रखा गया



जिसमें मौ एवं ग्वालियर से आए हुए कई विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच कर सभी प्रकार की बीमारियों के इलाज के बारे में विस्तार से बताया इस बीच डॉ दीपक यादव, डॉ.नूपुर सिंह, डॉ.मीनू, डॉ बीके गुप्ता, डॉ बी.अर्गल, डॉ दिनेश जैन, डॉ.गोविंद गौड़, डॉ.साहब सिंह कुशवाह, डॉ.सुरेश कुशवाह, डॉ बेताल सिंह गौड़,विष्णु तिवारी फार्मासिस्ट, पुष्पेंद्र यादव समाजसेवी, एवं समस्त मौ नगर वासी उपस्थित रहे

## महिला कांग्रेस की लोकसभा चुनाव प्रभारी बनी कल्पना मिश्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिंड दतिया लोकसभा चुनाव के लिए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मति अलका लांबा के निर्देश पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती कल्पना मिश्रा को प्रभारी नियुक्त किया है श्रीमती कल्पना मिश्रा पूर्व विधायक स्वर्गीय रामेश्वर दयाल अरेले की पुत्री है और भिंड नगर पालिका के वार्ड 22 से पार्षद भी रह चुकी हैं।श्रीमती कल्पना मिश्रा ने अपने मनोनयन पर कहा है की आने



वाले लोकसभा चुनाव में भिंड दतिया की महिला कांग्रेस अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जन-जन को कांग्रेस के पक्ष में जगाने का काम करेगी और आने वाले समय में महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से मुक्त वातावरण निर्माण करने में अपनी भागीदारी करेगी।श्रीमती मिश्रा की नियुक्ति पर बधाई देने वालों में डॉ गोविंद सिंह, चौधरी राकेश सिंह हेमंत कटारे, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, रणवीर सिंह भदोरिया, राम प्रकाश यादव,धर्मेंद्र सिंह भदोरिया पिंकी,संतोष त्रिपाठी,रेखा भदोरिया, राम अवतार सिंह भदोरिया ,पंकज त्रिपाठी,अनिल भारद्वाज,संजय भूता, प्रमोद दीक्षित,पीसी कल्पना सक्सेना, सीमा शर्मा कृष्णा कुशवाहा,नीलम भदोरिया,पूजा कुशवाहा सरोज,गायत्री अरविंद अरेले,सुनील कांकर नानू अरेले पार्षद,स्वदेश कुशवाह,मनीष शर्मा,राहुल सिंह कुशवाह,हाजी अलीम पंकज भदौरिया,रामकुमार शर्मा, गुमानु ,देवेंद्र चतुर्वेदी आदि।

## क्षत्रिय समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला पर कार्यवाही की जाये : भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । श्री राजपूत करणी सेना मध्यप्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने प्रेस नोट जारी चेतावनी देते हुए कहा है,कि केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने राजपूत महिलाओं के खिलाफ जो अभद्र टिप्पणी की थी उसके विरोध में जौहर करने का निर्णय करने वाली महिलाओं को समझाने पहुचे महिपाल सिंह मकराना को गुजरात पुलिस ने



जबरदस्ती गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तार किया जो कि सरासर लोकतंत्र की हत्या हैं, ऐसे कार्य की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए, गुजरात सरकार को आगाह करती है ,कि अगर क्षत्रिय समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले पुरुषोत्तम रुपाला पर उचित कार्यवाही नही की तो करणी सेना एवं समस्त क्षत्रिय समाज के द्वारा हर जगह भाजपा सरकार का बहिष्कार कर भाजपा को वोट ना देने का आवाहन किया जायेगा

## प्रायोगिक परीक्षा में छात्राओं ने दिखाया पाक कला का हुनर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । शा. महारानी लक्ष्मीबाई उ. मा. वि. भिण्ड की कक्षा 11वी की छात्राओं ने ग्रह प्रबंध की प्रायोगिक परीक्षा में अनेक प्रकार के हस्त कला के माध्यम से स्वादिष्ट पकबान बनाकर हस्त कला का हुनर दिखाया। इस अवसर पर ग्रह विज्ञान की अध्यापिका मंजू शाक्य ने बताया कि छात्राओं ने शुद्ध घर की समगी से पकबान बनाए जो खाने में स्वादिष्ट एवं शरीर के लिए स्वास्थ्य वर्धन थे । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य स्नेहलता भदौरिया ने कहा की बच्चों को बधाई उन्होंने इतने बेहतर ढंग से ग्रह विज्ञान का पाक कला से संबंधित प्रायोगिक कार्य किया उन्होंने कहा की ग्रह विज्ञान की छात्राओं का आज के समय मे एक बेहतर कैरियर के रूप मे विषय बन गया है उसने हम होटल मैनेजमेंट के जॉब मे एवं अनेक पाककला से संबंधित क्षेत्र मे रोजगार प्राप्त कर सकते है 7 इस अवसर पर समस्त विद्यालय का स्टाप उपस्थित रहा और छात्राओं को बधाई दी तथा उनको ग्रह विज्ञान विषय में कैरियर की जानकारी प्रदान की गयी।

## गौरी सरोवर के किनारे श्री राम जानकी मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का 9 से 17 तक आयोजन होगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । धर्म प्रेमी बंधुओ भिंड ऋषि की पावन धरा पर श्री राम जानकी मंदिर शाला गौरी का किनारा अर्धनारीश्वर मंदिर के पास, नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभ मंगल आयोजन का कार्यक्रम दिनांक 9 अप्रैल 2024 मंगलवार से 17 अप्रैल 2024 बुधवार तक रखा गया है, उक्त श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन महान तपस्वी संत श्री श्री 108 सेवक दास जी महाराज की विशेष अनुकंपा और आशीर्वाद से किया जा रहा है उक्त भागवत कथा का वाचन महान तपस्वी संत श्री धाम वृंदावन से पधारे परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय भागवत आचार्य साध्वी सर्वेश्वरी दासी के मुखारविंद से किया जा रहा है।

भागवत कथा यज्ञ के शुभ अवसर पर महाराज श्री श्री 108 संत सेवक दास जी महाराज जो कि नागा संन्यासी महान तपस्वी है और उनके गुरु श्री श्री 1008 परमहंस लोचन दास जी महाराज के सिद्ध अखाड़े के शिष्य है, और बाल्यकाल से ही जिन्होंने साधुता धारण कर ली थी। इसके बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान के श्री चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा प्रचार प्रसार का दृढ़ संकल्प लिया है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भागवत कथा के श्रवण में ही लगा दिया है, महाराज श्री ने अपने जीवन में 1008 भागवत कथा का अनुष्ठान संकल्प लिया है और निरंतर उनकी कथाएं ग्वालियर- चंबल अंचल में ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश और देश में उनके शिष्यों और भक्तों के माध्यम से निरंतर कराई जा रही है। भिंड जिले के लिए यह बड़ी



सौभाग्य की बात है कि पिछले 6 माह से महाराज जी भिंड जिले में चार भागवत कथाओ के आयोजन कर चुके हैं और उनकी यह अगली 95 वीं कथा का आयोजन श्रीराम जानकी शाला मंदिर गौरी किनारा पर होने जा रही है। आयोजकों ने भिंड जिले के सभी क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है, कि यह सबके लिए एक सौभाग्य नहीं बल्कि परम सौभाग्य है,कि हमारे बीच में तपस्वी साधु के अनुष्ठान की भागवत कथा का आयोजन भिंड नगर में हो रहा है, जिसमें हम आप सभी पहुंचकर पुण्यलाभ अवश्य प्राप्त करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## घटना के 45 दिन बाद दो प्राथमिकी एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

*दुमका/झारखंड। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा पुलिस ने रविवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं शिकारीपाड़ा अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर को बंधक बनाने के मामले में दर्ज प्राथमिकी के दो प्राथमिकी अभियुक्त एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।*

*ज्ञात हो कि बीजीआर कंपनी के कोयला साइडिंग के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर 20 फरवरी 2024 को डिंबादाहा गांव होते हुए भिलाई टांड़ गांव पहुंचे,तो ग्रामीणों ने उक्त दोनों अधिकारियों के वाहनों को रोकते हुए उनके भ्रमण करने का कारण जानना चाहा। अंचल अधिकारी द्वारा उचित कारण नहीं बताए जाने तथा ग्रामीण पर भड़कने के कारण ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उक्त दोनों पदाधिकारी को बंधक बना*



*लिया था7सूचना पाने के पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो,शिकारीपाड़ा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश पासवान,सहायक अवर निरीक्षक परवेज आलम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम के साथ मौके पर पहुंचे,उसके बावजूद ग्रामीण पदाधिकारियों को छोड़ने को तैयार नहीं हुए। तब जाकर डिंबा दाहा भिलाई टांड़ एवं लता कादर के ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई जिसमें पदाधिकारीयों द्वारा के लिखित कागजात देने पर उन्हें ससम्मान छोड़ा गया। मामले में अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर के बयान पर शिकारीपाड़ा थाना में थाना कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया था,जिसमें तीन नामजद एवं काफी संख्या में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इन तीन नामजद अभियुक्तों में से दो नामजद अभियुक्त लता कादर गांव के अनिल मुर्मू एवं पातपहाड़ी के राम सोरेन को शनिवार की देर शाम गिरफ्तार किया गया। वहीं पात पहाड़ी गांव के ही अप्राथमिक अभियुक्त लुखीराम मरांडी को गिरफ्तार कर रविवार को तीनों को जेल भेज दिया गया।*

## आर टी आई कानून का उलंघन करने में माहिर जनसूचना अधिकारी बसंत कुमार भारती ग्राम पंचायत चारपारा

अपील, संभाग ब्यूरो तुला राम सहीस दैनिक मौरेना केसरी छत्तीसगढ़

मालखरौदा/मालखरौदा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चारपारा जनसूचना अधिकारी बसंत कुमार भारती द्वारा आर टी आई कानून का उलंघन किया गया है सचिव ने एक माह बीत जाने के बाद भी चाही गई जानकारी आवेदक आर टी आई कार्यकर्ता को कोई जानकारी देना उचित नहीं समझें इसलिये आवेदक के द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में प्रथम अपील किया गया है ताकि उक्त जनसूचना अधिकारी के द्वारा आर टी आई कानून का उलंघन करने वाली कार्यशैली को जनपद के अधिकारी कर्मचारी बखूबी जान सके एवं सचिव के मनमानी रवैये का सबको पता चल सके। आवेदक द्वारा पिछले माह 19 फरवरी को आवेदन भेजा गया था जो मार्च के महीने गुजर गया है सचिव ने कोई जानकारी नहीं दी है जिससे यह स्पष्ट होता है कि सचिव द्वारा 15 वें वित्त की राशि में भ्रस्टाचार किया गया है तभी सचिव द्वारा जानकारी देने से हाथ पांव फूल रहें हैं। वैसे आर टी आर कार्यकर्ता आवेदक द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में प्रथम अपीलीय अधिकारी सीईओ के पास प्रथम अपील कर दिया गया है आशा है प्रथम अपीलीय अधिकारी उचित समय पर आवेदक को निःशुक जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

एक से डेड़ माह बीत जाने के बाद भी सचिव ने कोई जानकारी नहीं दी तो आवेदक ने जनपद पंचायत मालखरौदा में किये प्रथम



### इनका कहना है

ग्राम पंचायत चारपारा के जनसूचना अधिकारी बसंत कुमार भारती ने आर टी आई कानून का उलंघन किये हैं एक से डेड़ माह बीत जाने के बाद भी मुझे कोई जानकारी नहीं दिये हैं इसलिये अब मैंने प्रथम अपील आवेदन जनपद पंचायत मालखरौदा में अपील कर दिया हूं आशा है अपीलीय अधिकारी कानून के अनुसार उचित समय पर जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

**भूपेंद्र लहरे**
**आर टी आई कार्यकर्ता**



सिंधु भवन रीवा में भारतीय सिंधु सभा रीवा शाखा एवं झूलेलाल सेवा मंडल रीवा के तत्वाधान में

# झूलेलाल जयंती के उपलक्ष में सामूहिक जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया



रीवा( पुष्पांजली टुडे)।स्थानीय सिंधू भवन रीवा में भारतीय सिंधू सभा रीवा शाखा एवं श्री झूलेलाल सेवा मंडल रीवा के तत्वाधान में श्री झूलेलाल जयंती के उपलक्ष में सामूहिक जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सिंधु समाज रीवा के 16 बटुकों का का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ, जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम रीवा सिंधु समाज के ब्राह्मण समाज स्वामी देव दत्त शर्मा धर्मदास शर्मा एवं श्रीमती कोमल शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया इस शुभ अवसर पर सचखंड धाम के श्री महंत स्वामी कमल दास जी द्वारा भजन कीर्तन का मधुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया गया जिसमें रीवा सिंधु समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा द्वारा सामूहिक जनेऊ संस्कार के बच्चों को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया उक्त शुभ अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह , संतूलाल आहूजा, हुकुमतराय, घनश्याम दास काकवानी,चंदीराम केसवानी लद्धा राम थारवानी राजकुमार टिलवानी महेश ठारवानी, कमलेश सचदेव खेमचंद लालवानी विनोद पुरुषवाणी नरेश काली, प्रकाश तारानी,मदन चुंगवानी, पप्पू मंजानी, शेखर सचदेव मनोहर कटारिया,अमृत दौलतानी, अमित डिगवानी, लक्ष्मण शिवनानी, सतीश सुंदरानी, पप्पन पंजवानी, अजय माधवानी, कन्हैया मंगलानी, दिलीप आसनानी, अमित ठारवानी महेश आसनानी, किशोर ठारवानी, राम नारवानी,सुमित रामचंदानी, गुलाब नागपाल,बंटू रामचंदानी, प्रकाश डुडानी आदि नागरिक उपस्थित थे

# जनता को लॉलीपॉप दिखाकर सत्ता हथियाना का प्रयास करती है भाजपा: नीलम

रीवा( पुष्पांजली टुडे)। कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह विकास के थोथे वादे करती है और लोगों को लॉलीपॉप दिखाकर सत्ता हासिल करने का कुप्रयास करती है। कभी धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाते हुए सत्ता हासिल करने का काम करती है । इससे हम सबको सावधान रहना है। श्रीमती नीलम अभय मिश्रा आज गोरखपुर विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान में लोगों से संवाद कर रही थी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रीवा के सांसद ने 10 साल में क्या किया उसकी पोल खुल चुकी है, भ्रष्टाचार करने में भाजपा के लोगों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इस क्षेत्र का कितना विकास किया गया यह आपसे ज्यादा कोई नहीं जानता। इस क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट लगा है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि यहां के स्थानीय बेरोजगारों को जगह नहीं मिल पाई, और तो और हमारी जमीन हमारे जंगल से बिजली पैदा की जा रही है और उसके बावजूद हमें पूरी कीमत में बिजली खरीदनी पड़ रही है इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा। इस बीच गुढ़ क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कपिध्वज सिंह ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि अब यहां की जनता जागरुक हो चुकी है और वह किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है इस बार वह कांग्रेस के साथ है। पूर्व विधायक विद्यावती पटेल ने इस अवसर पर लोगों से आग्रह किया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र और गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस की जीत होना बहुत जरूरी है बदलाव होना पक्का हैं।





इसलिए सभी लोग श्रीमती नीलम अभय मिश्रा का समर्थन करें। इस दौरान खजुहा कला, हर्दी, पुरास, महंसाव, खाम्हा समेत दर्जन भर गांव में जनसंपर्क किया तथा लोगों ने आश्वासन दिया कि इस बार वह

**10 साल में किसी ने संसद को देखा हो तो बताएं- अभय मिश्रा**-सेमरिया के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने मऊगंज क्षेत्र में कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम मिश्रा के समर्थन में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से कहा कि यदि किसी ने 10 साल में सांसद जनार्दन मिश्रा को देखा हो तो बताएं। इन्होंने कहा कि सांसद जनार्दन के पास वक्त ही नहीं है कि वह लोगों की समस्याओं को देखें और सुने। उन्हें यह बताना चाहिए कि जनता ने जब उन्हें दो पंचवर्षीय सांसद चुना तो उन्होंने इस इलाके का कितना विकास किया। श्री मिश्रा ने इस दौरान उपस्थित जन समुदाय से बताया कि वह जहां भी जा रहे हैं लोग संसद के प्रति नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोग बदलाव का मन बना चुके हैं। इन्होंने यह भी कहा कि अगर आपका आशीर्वाद मिला तो इस क्षेत्र के विकास के लिए वह पूरी ताकत लगा देंगे। वही कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने भी जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि भाजपा के लोग धर्म के नाम पर लडवा कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। इस समय देश एक बार फिर दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रहा है, इसके लिए सबको साथ देना होगा। इन्होंने आम जनता से अपील की है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को अपना समर्थन दें ताकि इस क्षेत्र के विकास की गतिविधियां शुरू हो सके। इस दौरान मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के बलभद्रगढ़, खोडवानी, कैलाशपुर प्रतापगढ़ तिलिया आदि समेत दर्जन भर से ज्यादा गांव का भ्रमण किया, साथ ही लोगों से जन समर्थन मांगा।

# मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए उपजिलाधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक लिया

सरीला। उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने रविवार को तहसील सभामार मे स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक ी।उपजिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम चुनाव के पर्व - देश का गर्व के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान (स्वीप) के दृष्टगत बैठक आयोजित की गई है जिसमे मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये सभी बीएलओ व सुपरवाइजरी को कहा गया कि प्रत्येक बूथ पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करे जिससे सभी मतदाता मतदान के लिये प्रेरित हो। बैठक में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो, चुनाव की सफलता चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के साथ आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में तहसीलदार रविंदपाल सिंह नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा मौजूद रहे।

## बटन दबाते ही हो जाएगा मतदान

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।. लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें तैयार कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों के परीक्षण तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रेण्डमाइजेशन करने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मशीनें निर्धारित कर दी गई हैं। इनके माध्यम से आगामी 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद उसके बायें हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी। मतदाता से प्रपत्र 17क में हस्ताक्षर कराने के बाद उसे मतदान का अवसर दिया जाएगा। मतदाता गोपनीय कक्ष में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम तथा चुनाव चिन्ह के समक्ष का बटन दबाएंगे। बटन दबाते ही उनका मत अंकित हो जाएगा। व्हीव्हीपैट मशीन में 7 सेकण्ड तक मतदाता पुष्टिकरण पर्ची देख सकते हैं। इसके बाद पर्ची बाक्स में चली जाएगी। यदि मतदाता किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं करना चाहता है तो सबसे अंत में उपरोक्त में से कोई नहीं नोटा का भी बटन वोटिंग मशीन में रहेगा।

## नाम वापसी का आखिरी दिन आज - जारी होगी उम्मीदवारों की सूची

रीवा( पुष्पांजली टुडे)।लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र 10 रीवा में नामांकन पत्र 8 अप्रैल को शाम 3 बजे तक वापस लिए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। रिटर्निंग आफीसर द्वारा 8 अप्रैल को ही उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। रीवा संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र भरने का क्रम 28 मार्च से शुरू हुआ। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक दाखिल किए गए। इस अवधि में 19 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा के दौरान 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से 5 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया है।

## अनुपस्थित मतदाताओं का मतदान 14 से 22 अप्रैल तक

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुपस्थित मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में बीएलओ द्वारा दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की सूची तैयार कर इसमें घर से मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं के फार्म 12 डी में आवेदन भरवाए गए हैं। इन मतदाताओं को 14 अप्रैल से 22 अप्रैल के मध्य घर से मतदान की सुविधा दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर से मतदान कराने के लिए दल गठित कर दिए गए हैं। इनका रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। मतदान दल में शामिल कर्मचारियों, वीडियोग्राफर तथा सुरक्षा कर्मियों को 8 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में दल निर्धारित रूट में 14 अप्रैल से 19 अप्रैल तक घर-घर जाकर दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराएंगे। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। मतदान कराते समय गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# मुरैना की जीत के लिए चुनिंदा सिपाहियो की हुई बैठक लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ रहे मौजूद

मुरैना-लोकसभा को जीता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनाने एवं अबकी बार चार सौ पार में मुरैना अहम भूमिका में रहे इसके लिए मुरैना नगर के कार्यालय में मुरैना,दिमनी एवं अम्बाह चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया ! बैठक में लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता,सह संयोजक हमीर सिंह पटेल,ब्रजकिशोर डण्डौतिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे! भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता द्वारा अभी तक के किए कार्यो वाने वाले दिनों में होने वाले आयोजन वा नामांकन की तैयारीयों की जानकारी दी! मुरैना की जीत के लिए चुनिंदा सिपाहियो की हुई बैठक लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ रहे मौजूद! मुरैना-लोकसभा को जीता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनाने एवं अबकी बार चार सौ पार में मुरैना अहम भूमिका में रहे इसके लिए मुरैना नगर के कार्यालय में मुरैना,दिमनी एवं अम्बाह चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया! बैठक में लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता,सह संयोजक हमीर सिंह पटेल,ब्रजकिशोर डण्डौतिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे! भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता द्वारा अभी तक के किए कार्यो वाने वाले दिनों में होने वाले आयोजन वा नामांकन की तैयारीयों की जानकारी दी! प्रबंधन




समिति के उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी ने कहा कि अंत्योदय की कल्पना को साकार करने हर निर्धन गरीब के कल्याण के लिए और अच्छा कार्य हो और विश्व में भारत का मान सम्मान बड़े हम अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विश्व में नंबर वन बने इसके लिए एक बार फिर भाजपा को हर बूथ पर मजबूत करते हुए 370 वोट बड़ाने के लक्ष्य को पार करना है! श्री बरुआ ने कहा की ये हमारा सौभाग्य हे की आज हमें भारत के मान समान बड़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए कार्य करने का अवसर मिला और जो मौका हमें जिस स्तर का काम मिला उसको निभाना और इस देश के युग परिवर्तन काल के साक्षी बनना है ! इस महायज्ञ में आहुति देने का हमें अवसर मिला उसका सदुपयोग करें !

लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ ने उपस्थिति समिति के सदस्यों से आज तक की तैयारीयों की जानकारी एक एक कर ली ! जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बताया कि प्रबंधन समिति के उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी श्री बरुआ ने कहा कि अंत्योदय की कल्पना को साकार करने हर निर्धन गरीब के कल्याण के लिए और अच्छा कार्य हो और विश्व में भारत का मान सम्मान बड़े हम अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विश्व में नंबर वन बने इसके लिए एक बार फिर भाजपा को हर बूथ पर मजबूत करते हुए 370 वोट बड़ाने के लक्ष्य को पार करना है! श्री बरुआ ने कहा की ये हमारा सौभाग्य हे की आज हमें भारत के मान समान बड़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए कार्य करने का अवसर मिला और जो मौका हमें जिस स्तर का काम मिला उसको निभाना और इस देश के युग परिवर्तन काल के साक्षी बनना है ! इस महायज्ञ में आहुति देने का हमें अवसर मिला उसका सदुपयोग करें !

# सीधी में बोले राजनाथ सिंह- भाजपा जाति, पंथ और मजहब की राजनीति नहीं करती

**विवेक तिवारी (ब्यूरो रीवा संभाग)**



सीधी(पुष्पांजली टुडे)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश के सीधी पहुंचे। जहां एक निजी होटल में सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जाति, पंथ और मजहब की राजनीति नहीं करती है। हम इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करते हैं। चाहे मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी हो जो भारत का नागरिक है। वह भारत का नागरिक रहेगा। दुनिया की कोई ताकत नागरिकता नहीं रोक सकता है। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। इस दौरान, डॉ राजेश मिश्रा, मंत्री प्रहलाद पटेल, राज्य मंत्री राधा सिंह, विधायक रीति पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, विश्वामित्र पाठक, प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी, देव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा समेत भाजपा के लोग मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि राजनीति तथ्यों के आधार पर करना चाहिए। जनता की आंखों के सामने धूल झोंककर नहीं। लेकिन यह हरकत बराबर उनके द्वारा की जा रही है। हम प्रारंभ से ही यह कहते रहे हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बनाएंगे। भाजपा से बार-बार यह प्रश्न पूछा जा रहा था। बहुमत की सरकार बनेगी, अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। ऐसी परिस्थितियों पैदा हुई कि राम लाल अपनी कुटिया से निकलकर भव्य मंदिर में पहुंच चुके हैं। भारत में राम राज्य आने की शुरुआत हो चुकी है। जो हमने कहा सब किया। इस बार भी लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में जो कहेंगे वह करेंगे। यह सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता है कि जब से मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बने हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बड़ी है। पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बातों को कोई गंभीरता से नहीं सुनता था। लेकिन अब भारत बोलता है तो लोग कान खोलकर सुनते हैं कि भारत क्या बोल रहा है। यह दुनिया में भारत की हैसियत है।

# गुलाबी आंकड़े, झुलसाती सच्चाई




अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है।चुनाव पास आते ही आकर्षक आंकड़ों की बारिश शुरू हो गई है। और मामला सिर्फ बीते साल, महीने या तिमाही के आंकड़ों का नहीं है, अगले साल से लेकर 2047 में भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने तक के हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अगले साल के लिए जीडीपी में आठ फीसदी का विकास दर बता दिया है। अभी हाल के समय तक आंकड़ों का खेल ऐसा नहीं था। विदेश व्यापार और औद्योगिक उत्पादन में एक महीने उतार दिखता था तो किसी महीने चढ़ाव। विदेश व्यापार का घाटा कभी रिकार्ड स्तर पर दिखता था तो कभी आयात कम होने से काफी कम। एक गरीबी के ही आंकड़े को लीजिए तो की तरह के आंकड़े हाजिर हैं, जबकि असलियत यही है कि सरकारी स्तर पर आंकड़े जुटाने का काम मनमाने ढंग से हो रहा है। अगर तस्वीर गुलाबी न दिखे तो आंकड़े रोके भी जा रहे हैं और उसके जरा भी अच्छे हिस्से को शोर मचाकर बताया जाता है। हमारे जीवन के निर्वाह और आर्थिक हैसियत को बताने वाली लगभग तीन दर्जन सूचनाओं से लैस जनगणना का काम रोका हुआ है जबकि इसमें अभी ही पांच साल की देरी हो चुकी है। विश्व युद्ध और महामारी में भी न रुकी जनगणना अब क्यों रोकी गई है इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। खैर।इन बातों से जो धनात्मक बातें हैं उनका महत्व काम नहीं होता। जीएसटी का संग्रह और भविष्य निधि कोष के सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ती गई है जिसे सरकार अपनी उपलब्धि ही नहीं रोजगार बढ़ाने के वायदे को पूरा करने की तरह पेश कर रही है। मोदी राज के ज्यादा समय पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम रही है और सरकार ने उस अनुपात में आम उपभोक्ताओं को राहत न देकर मोटा राजस्व जमा किया जिसका उपयोग-दुरुपयोग क्या हुआ यह हिसाब भी साफ नहीं है। असल में बजट का अनुशासन अब सिर्फ कहने की चीज रह गई है और नोटबंदी जैसा फैसला भी एक आदमी की मर्जी से ही लिया गया। इससे बड़ी बात है कि पूरी दुनिया कोविड से उबरने के बाद आर्थिक रूप से पुरानी स्थिति में आने की कोशिश कर रही है। इसमें अमेरिका काफी हद तक सफल हुआ है तो चीन और यूरोप अभी भी संकट में दिख रहे हैं। वहां असली समस्या लोगों में उपभोग का स्तर गिरना है जिससे कुछ देशों की अर्थव्यवस्था के बैठने का खतरा बन गया है। न सामान बिक पा रहा है न रोजगार मिल रहा है। रोजगार कम हों तो क्रय शक्ति कम होगी और सामान कम बिकेगा तो अर्थव्यवस्था की रोजगार पैदा करने की शक्ति घटेगी। हमारी अर्थव्यवस्था ने ठीक-ठाक वापसी की है। लेकिन कुछ बड़ी बीमारियां हैं जो पीछा नहीं छोड़ रही हैं।दुर्भाग्य से अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है। यह फासला भी बढ़ता जा रहा है। जो लोग इस विरोधाभास पर नजर रखे हुए हैं वे अपने हिसाब से कुछ कारण और समाधान भी बताते हैं लेकिन चुनाव जीतने भर की चिंता वाली सरकार को इन पर ध्यान देने का होश नहीं लगता। वह इस बात से खुश है कि वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 20 लाख करोड़ से पार हों गया है।यह एक आत्मघाती आंकड़ा और मोह है। असल में इसका उत्पादन बढ़ाने से रिश्ता नहीं है। भूमंडलीकरण आने और आईटी के प्रसार से अब काफी सारा कारोबार अनौपचारिक क्षेत्र से निकल कर औपचारिक बनता जा रहा है। छोटे कारोबारी और दूकानदारों का कर के और औपचारिक अर्थव्यवस्था में आना स्वागत योग्य बदलाव है पर आनलाइन कारोबार के देहात तक पहुंचने से कितनी दूकानें बंद हुई हैं या कितने छोटे धंधे वालों की आमदनी कम हुई है यह हिसाब नहीं है। जिस तरह छोटे किसान कमाई कम होते जाने पर भी खेती से चिपके रहते हैं उसी तरह इन लोगों के पास भी उसे धंधे में बने रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेरोजगार नौजवानों की फौज सुबह छह बजे से रात दस बजे तक कूरियर सेवा देने, ई- रिक्शा चलाने और इसी तरह के कम आमदनी वाले काम करने में होड़ लगाए हुए हैं। पेंशन, प्रॉविडन्ट फंड और दूसरी सुविधाएं कौन मांगेगा जब न्यूनतम मजदूरी मांगने का होश नहीं है। कानून होने के बावजूद खुद सरकार मनरेगा में लाखों लोगों से न्यूनतम मजदूरी डर से काम पर काम कराती है तो बाकी पर कानून कौन लागू कराएगा?सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी के अनुसार वर्ष 2023-24 में 27.9 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 38.96 लाख करोड़ रुपए का था। सरकार इसे इठलाते हुए पेश करती है लेकिन अनेक लोग इस आंकड़े को हमारी अर्थव्यवस्था की बुनियादी बीमारी से जोड़ते हैं। अगर विकास का स्तर साल में सिर्फ सात फीसदी हों और निवेश का स्तर जीडीपी के 30 से 35 फीसदी पर आ जाए तो जाहिर है लोग पेट काटकर निवेश कर रहे हैं। उपभोग का स्तर तो चार से पांच फीसदी भी नहीं बढ़ता। और इस पर तुर्रा यह कि राष्ट्रीय आय में श्रम का हिस्सा निरंतर गिर रहा है।माना जाता है कि हमारे यहां महामारी की तुलना में आज करीब डेढ़ करोड़ ज्यादा मजदूर खाली बैठे हुए हैं। पूंजी आए और श्रम का हिस्सा कम होता जाए यह विरोधाभासी विकास तब ज्यादा अच्छी तरह समझ आता है जब हम समाज के एक छोटे हिस्से की बड़े घर, बड़े फ्लैट, बड़ी कार, महंगे सौन्दर्य प्रसाधन, विदेश भ्रमण, बाहर भोजन वगैरह के खर्च को देखें। फिर समझ आता है कि बाहर छूटे बड़े हिस्से के जीवन में और ज्यादा कठिनाई क्यों आती जाती है। अरबपतियों की संख्या बढ़ाना बुरा नहीं है लेकिन देश के करोड़ों लोगों के जीवन में जहर घोलकर नहीं।

## दिल-ओ-दिमाग को चुस्त-दुरुस्त बनाता है Avocado, इन 6 वजहों से बनाएं इसे डाइट का हिस्सा



पोषक तत्वों से भरपूर Avocado हमारी सेहत के लिए काफी गुणकारी होता है। इसे डाइट में शामिल करने से सेहत को ढेरों फायदे मिलते हैं। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (एमयूएफए) से भरपूर होता है जो दिल को फायदा पहुंचाता है। साथ ही यह ब्रेन फंक्शन में सुधार करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। आइए जानते हैं एवोकाडो खाने के कुछ फायदे।

फल हमारी सेहत के लिए काफी गुणकारी होते हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स भी हमें अपनी डाइट में विभिन्न फलों को शामिल करने की सलाह देते हैं। हर मौसम में अलग-अलग तरह के फल पाए जाते हैं, जो सेहत को दुरुस्त मनाने में मदद करते हैं।८1शष्डुस्रश इन्हीं फलों में से एक है, जिसे खाने से सेहत को ढेर सारे फायदे मिलते हैं।

एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (एमयूएफए) से भरपूर होता है, जो दिल के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। साथ ही यह लंबे समय तक आपको पेट भरा रखता है, जिससे हम ज्यादा खाने से बच जाते हैं। इसके अलावा एवोकाडो को डाइट में शामिल करने के कई और फायदे होते हैं। आइए जानते हैं इसके कुछ हैरान कर देने वाले फायदे-

वेट मैनेज करे

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो एवोकाडो एक बढ़िया विकल्प साबित होगा। इसमें मौजूद हेल्दी फैट वजन नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। कैलोरी से भरपूर होने के बावजूद, एवोकाडो वजन घटाने के आपकेप्रयासों में बाधा नहीं डालता है।

कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करे

एवोकाडो लिपिड प्रोफाइल को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह ÷बैड÷ एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और ÷गुड÷ एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद हाई पोटेशियम कंटेंट ब्लड प्रेशर कम करने में मदद करता है, जो इसे हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद बनाता है।

डायबिटीज में गुणकारी

अगर आप टाइप 2 डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस से जूझ रहे हैं, तो एवोकाडो आपके ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसे डाइट में शामिल करने से इंसुलिन और ग्लूकोज लेवल को बढ़ने से रोका जा सकता है, जिससे डायबिटीज से जुड़ी जटिलताओं का खतरा कम होता है।

गट हेल्थ को बेहतर बनाए

एवोकाडो गट के माइक्रोबायोम पर सकारात्मक प्रभाव डालकर गट हेल्थ को बेहतर करता है। साथ ही एवोकाडो ब्लड फ्लो में फैट के अवशोषण को कम करके वेट मैनेजमेंट में योगदान करता है।

ब्रेन फंक्शन में सुधार करे

ल्यूटिन से भरपूर एवोकाडो ब्रेन की कार्यक्षमता में सुधार करने में भी मददगार माना जाता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित रूप से इसका सेवन बढ़ती उम्र में मेमोरी फंक्शन को बढ़ा सकता है।

आंखों के लिए फायदेमंद

एवोकाडो में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। एवोकाडो का सेवन करने से मैक्यूलर पिगमेंट बढ़ता है, जो विजन को ठीक करने और उम्र से संबंधित मैक्यूलर डिजनरेशन से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## संपादकीय

### कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ

मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं।विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं।

भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए।वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए।गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चैनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं।उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता।गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है.

## नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दापाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गई? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है।इसे भी पढ़ें- भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है।



मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फार्मूला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न् हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फार्मूले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है।पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गाँबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए। मिलावटी दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है, जल्द ही इसके नतीजे सामने आने की संभावना है। दवाओं की क्वालिटी को बरकरार रखने के लिए हाल ही में यूके के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक एमओयू भी साइन किया है।



कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथैरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।

# फिजियोथैरेपी

## वक्त की मांग



फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

### काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के



अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फ्रैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

### बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे हैं और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

### योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते हैं, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

### व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वहीं है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

### पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में टेनी फिजियोथैरपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते हैं।

# डायटीशियन

## कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थों को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते हैं ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं।सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती हैं और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्णपरिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते हैं। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं हैं, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है।पोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रहीं हैं।




# कराटे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

करराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक कराटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

कराटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। कराटे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते हैं। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमैंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं।जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी



जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। कराटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गई और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल कराटे की ट्रेंनिंग देते हैं। 1970 में कराटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्रावीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) कराटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। कराटे खेल भी, कला भी कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।



### स्वरोजगार

# कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुपये (5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला हे। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ इस्तेमाल हो रही हैं।

पिछले पाँच वर्षों से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडिस्ट्रयल पेपर और स्पेस्लिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है ओर यह उत्सावर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ हैं और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह हे कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।




# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑफ्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़-1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक-124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110007

## एक नजर...

### भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने मनाया 45वाँ स्थापना दिवस

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- शिवपुरी जीके की भाजपा की महिला मोर्चा ने बूथ क्रमाक 150 शक्ति केंद्र कुशा भाऊ ठाकरे पर भारतीय जनता पार्टी का 45 वा स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बूथ पर महिलाओं को संबोधित करते हुए सीमा शिवहरे जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने बताया कि विश्व की नंबर वन पार्टी है भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने पंथी में बैठे आखिरी व्यक्ति की चिंता करते थे भाजपा पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सबकी चिंता करती है महिलाओं को सम्मान दिलवाया महिलाओं के लिए इतनी योजना चलाई महिला सशक्तिकरण बढ़ाया जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं बनाई लागू की और सबको लाभ मिला महाराष्ट्र श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी लोकसभा प्रत्याशी चुने गए हैं उनके भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए कमल के फूल पर बटन दबाए और उनको भारी बहुमत से विजय बनाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रही जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे महिला मोर्चा भाजपा शिवपुरी भाजपा से कार्यालय मंत्री मुनि कुशवाहा जी मंडल मंत्री मोना सेन जी भाजपा कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा जी मिथिलेश ओझा जी शीला कुशवाहा जी अन्य कार्यकर्ता लाभार्थी बहने बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### 01 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे




शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड जी व्दारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवाहन, अवैध शराब एवं स्थाई वारंटियो की धरपकड, लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जीरो टोलरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशो के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले जी के निर्देशन एवं सी.एस.पी. शिवपुरी श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फिजीकल पुलिस व्दारा आज दिनांक 7.4.24 को माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 464/21 धारा 188, 341, 427, 294, भादवि 3 (1) 3 (2) व्ही एस एस सी एस टी एक्ट में फरार चल रहे स्थाई वारंटी आबिद खान पिता नवाव अली निवासी मोती बाबा मदिर के पास फिजीकल रोड शिपुरी को एबी रोड मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक निरोध में भेजा गया । इनकी रही भूमिकाः- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, प्रआर 798 सत्यवीर सिह, आऱ 672 रिन्कू शाक्य, आर 226 जीतेन्द्र धाकड।

### छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे




शिवपुरी- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गत दिवस शासकीय महाविद्यालय पोहरी में छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसे प्राचार्य डॉ.ए.पी.गुप्ता द्वारा रवाना किया गया। यह रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ.धर्मेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई। महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं की रैली पोहरी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने जागरूकता हेतु नारे लगाए जैसे सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, घर-घर अलख जगाना है, मतदान करने जाना है आदि नारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। छात्रों द्वारा पोहरी नगर के लोगों से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भांग ठेका की आड़ में गांजा खपाते दो आरोपी गिरफ्तार एवं आरोपीगण में 04 किलो गांजा जप्त

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध हथियार / अवैध शराब एवं अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एंव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में दिनांक 06.04.24 को थाना कोतवाली पर मुखविर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति पोहरी बस स्टेण्ड शिवपुरी पर भांग की दुकान पर अवैध गांजा विक्रय कर रहे है थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुये सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर निर्देश प्राप्त कर, एक पुलिस टीम बनाकर मुखविर के बताये स्थान पोहरी बस स्टेण्ड भांग ठेका की दुकान पर दबिश दी गयी तो दो आरोपीणग के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक का कट्टा (बोरी) जिसमें 04 किलो गांजा कीमती 40000रु. रखा हुआ मिला एवं गांजा विक्रय के 24400रु. तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल सीडी डीलक्स बिना नम्बर की कीमती 50000रु. को जप्त किया गया एवं दोनो आरोपीगण को गिर. किया गया , उक्त आरोपियो के विरूद्ध पुलिस थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत अपराध पंजीवद्ध किया गया एवं प्रकरण में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है साथ ही अवैध मादक पदार्थ गांजा के स्त्रोतो के संबंध में पतारसी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीआई रोहित दुबे, उनि0 सुमित शर्मा, उनि0 आदित्य राजावात, प्र0आर0 142 नरेश यादव, प्र0आर0 209 भूपेन्द्र यादव, आर0 रविन्द्र यादव, आर0 बृजेन्द्र, आर0 विजय निगम, म0प्र0आर0 भानुमति उइके, आर0 चालक रामजीलाल, की विशेष भूमिका रही।

## विधायक रेणुका सिंह ने किया वनांचल क्षेत्र रामगढ़ का दौरा

### जनता की समस्याओं से हुई रूबरू,क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त करने दिया भरोसा



भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह नें शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सोनहत के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र रामगढ़ के ग्राम सुकतरा, सेमरिया, अमृतपुर, उग्याव व सिंघौर पंचायत का दौरा किया,जहां उन्होंने आम के पेड़ के नीचे जन चौपाल लगाकर जनता के साथ स्वयं चटाई में बैठकर लोगों की व क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुई जँहा उपस्थित जनसमुदाय नें क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, स्कूल व छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की साथ ही रामगढ़ के प्रमुख समस्या मोबाइल टॉवर और नेटवर्क की समस्या से विधायक को अवगत करवाया ग्रामीणों का कहना है कि यंहा मोबाइल टावर तो है लेकिन नेटवर्क नही होने के कारण लोगों को बहुत समस्या जैसे स्वास्थ्य सुविधा हेतु यदि एम्बुलेंस बुलाना हो तो नेटवर्क नहीं होने के कारण पीड़ित को शासन की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है जिस पर विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में जँहा सभी चीजें ऑनलाइन हो रही हैं और यंहा मोबाइल नेटवर्क नही होना बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण है मैं आप सभी को भरोसा दिलाती हूँ कि जल्द ही आपको इन सभी समस्याओं निजात मिलेगी।

## 12 बोर के देशी कट्टा लेकर घूम रहे आरोपी को जिंदा राउण्ड सहित किया गिरफ्तारी

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये अवैध गतिविधियों एवं अवैध हथियार रखने बालों पर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे अवैध हथियारो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07.04.2024 को तेंदुआ थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक यादव की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर से अवैध देशी कट्टा लिये किसी बारदात करने की नियत से घूम रहे आरोपी भगवान सिंह पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 30 साल निवासी ग्राम किलावनी थाना तेंदुआ के कब्जे से एक लोहे का देशी 12 बोर का कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड के जप्त कर किया गिरफ्तार एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना तेंदुआ उनि विवेक यादव,का.प्रआर 351 बलवंत पाल,आर.317 भुवनेश शर्मा, आर. 883 अनूप जाट व आर 1063 शिववीर सिहं की सराहनीय भूमिका रही ।

## महापुरुषों का काम अधूरा नहीं रहता है: सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

गोंडा (उ.प्र.)इस वड़्त के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि जग में जयगुरुदेव का झंडा लहर लहर लहराएगा, वह समय आ जाएगा। महापुरुषों का काम अधूरा नहीं रहता है। उनका संकल्प पूरा हो जाता है। गुरु महाराज कहा करते थे कि हमको जरूरत पड़ेगी तो भूतों से काम ले लेंगे। गुरु महाराज ने काशी में यज्ञ किया था। सन्तमत में कोई यज्ञ नहीं। कलयुग योग न यज्ञ न ज्ञाना, एक आधार नाम गुण गाना। यह जो नामदान दिया जाता है, केवल नाम सुमिर सुमिर कर नर पार उतर जाता है, बाकी कुछ करने की जरूरत ही नहीं है। लेकिन जब मदारी या कोई दवा विक्रेता आता है तो आवाज लगता है, बाजा डमरू बजाता है फिर जब लोग इकट्ठा हो जाते हैं तब मदारी अपना खेल करतब दिखाता है, विक्रेता अपनी दवा का प्रचार करता है, एक-दो शीशी फ्री में बांट देता है फिर उसके बाद उसका पैसा लेता है। कहने का मतलब यह है कि अपना मिशन पूरा करने के लिए उपाय करना पड़ता है। तो गुरु महाराज ने यज्ञ किया। उसमें बहुत से लोग आए जो यज्ञ के प्रेमी थे। और जब उन्होंने सतसंग सुना तब कहा कि असली चीज तो यह (नामदान) है, जो बाबा जी दे रहे, बता रहे हैं तो इसको ही क्यों न पकड़ा जाए। इसको अगर पकड़, ले लिया जाए तो यह तो ऐसी चीज है कि हर जगह काम आएगी। इसी से लोक और परलोक दोनों बन जायेगा। तो बहुत से लोग यज्ञ में गए और यज्ञ के माध्यम से जुड़ गए। यह बंदा जो आपके सामने बैठा है (स्वयं परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज) उसी महामानव यज्ञ में हरिद्वार में गया था, जब गुरु महाराज ने यज्ञ किया था। तो अब आप यह सोच लो, वो तो एक बहाना, माध्यम था। एक ही बार प्रचारक हमारे यहां आए थे। वही बात हमारे समझ में आ गई थी और मैं भी वहां चला गया था। तो ऐसे ही होता है। तो गुरु महाराज ने यज्ञ किया था और यज्ञ में कहा था कि अभी तुमने क्या देखा है, अभी तो यह छोटी-छोटी मछलियां पकड़ में आ रही, आगे ऐसा जाल फैलाऊंगा कि बड़े-बड़े मगरमच्छ आएंगे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नाम पट्टिका दुर्दशा के लिए कौन जवाबदेह

रीवा। देश की आजादी के आंदोलन में सन 1857 से लेकर सन 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो राष्ट्रीय आंदोलन में विंध्य क्षेत्र का महान योगदान रहा है। यह भारी बिड़म्वना है कि देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पावन स्मृतियों को सहेज कर नहीं रखा जा रहा है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रोड़ पर खुटेही स्थित रीवा जनपद के प्रांगण और रीवा केंद्रीय कारागार के प्रवेश द्वार पर यहां के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम दर्ज़ हैं। रीवा जेल मे दर्ज़ नामों की फोटो लेने की अनुमति नहीं है। रीवा जनपद स्थिति शिलालेख भी उपेक्षित हालत में है, जहां गाजर घास भी फैली हुई है। फूलों की जगह गाजर घास से सम्मान किया जा रहा है । भारत छोड़ो आंदोलन एवं देश की आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष की रस्म अदायगी हो चुकी है लेकिन स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियो की याद में शासन प्रशासन की ओर से कभी कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाता है। समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि जिला प्रशासन के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के नहीं रहने की स्थिति में उनके वंशजों को सम्मानित करना तो दूर , चिन्हित भी नहीं किया जाता है।

## सहजयोग इंद्रियों की सरलचित्त व निश्छल धारणा है



योग सारे संप्रदायों और मत - मतमतांतरों के पक्षपात और वाद-विवाद से रहित सार्वभौम धर्म है जो तत्वज्ञान को स्वयं अनुभव द्वारा प्राप्त करना सिखाता है और मनुष्य को उसके अंतिम ध्येय तक पहुंचाता है। योग के संबंध में कहा जा सकता है कि योग स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर जाना अर्थात बाह्य से अंतर्मुख होना है। ध्यान द्वारा ही विचार शून्य वर्तमान को अनुभव किया जा सकता हैं। जिससे मानव की आध्यात्मिक प्रगति हो सकती है। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान वर्तमान में मानव जाति के लिए एक वरदान है। सहजयोग में श्री माताजी ने संपूर्ण विश्व को भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति सूक्ष्म शरीर, चक्र, नाड़ियों तथा कुंडलिनी शक्ति का व्यापक स्तर पर ज्ञान प्रदान किया। कलियुग भ्रांति अर्थात् भ्रम का युग है। श्री माताजी ने मानव के सभी भ्रमों का सहज समाधान प्रस्तुत कर मानव मात्र को उत्क्रांति के उस स्तर तक पहुंचा दिया जहां पहुंचने के लिए वर्षों के कठिन तप व साधना से गुजरना पड़ता था। श्री माताजी की कृपा से कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। नियमित ध्यान धारणा द्वारा जब पांचों तत्वों का जय हो जाता है तब फिर योगी के लिए ना रोग है ना जरा है ना दुख है क्योंकि उसने वह स्थिति पा ली है जो योग से प्रकट हुई है। योग का पहला फल यही होता है शरीर हल्का हो जाता है, आरोग्य रहता है, विषयों की लालसा मिट जाती है, कांति बढ़ जाती है, स्वयं मधुर हो जाता है, गंध शुद्ध हो जाता है तथा उत्सर्जन के कार्यों में क्षीणता आती है। इसके पश्चात आत्मा के शुद्ध स्वरूप का साक्षात होता है जिस प्रकार से एक रत्न जो कि मिट्टी में लिपटा हुआ है उसे जब धोया जाता है तो वह तेजोमय होकर चमकने लगता है इसी प्रकार व्यक्ति आत्मतत्व से साक्षात् करके सब शोक को पार करता हुआ परम से एकाकार हो जाता है। उसकी कृपा में कृतार्थ हो जाता है। आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करके व्यक्ति दीपक के सामान आत्मतत्व से सूर्य के समान चमकते परमात्मतत्व को देखता है जो अजन्मा व अटल और सब तत्वों से विशुद्ध है तब शुद्ध परमात्मा के तत्व को जानकर वह समस्त माया से छूट जाता है। पांच ज्ञानेंद्रियां मन के साथ स्थिर हो जाती हैं और बुद्धि चेष्टा रहित हो जाती है इसी को परम गति कहते हैं। इसी को योग मानते हैं जो इंद्रियों की निश्छल धारणा है। सहजयोग वर्तमान समय में एक अत्यंत ही सहज मार्ग है आत्मतत्व से साक्षात् करने का। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने एक गुरु की भांति हमें आत्मज्ञान की राह दिखाई है वहीं दूसरी ओर मां की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी सारी शक्तियां सहजयोगियों को प्रदान कर उन्हें स्वयं का गुरु बना दिया है। सहजयोग सृष्टि के आनंद को प्राप्त करने का योग है। प्रतिपल इस आनंद में स्थित रहने के लिए श्री माताजी के समक्ष कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आप इस राह के राही बन सकते हैं स्वयं को एक अवसर अवश्य प्रदान करें परमात्मा के साम्राज्य का अधिकारी बनने का। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु और टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### अमृत सरोवर तलाबों में उड़ रही धूल

सरीला। ब्लाक क्षेत्र के 25 गांव में दो करोड़ से अधिक रुपये खर्च कर पिकनिक स्पॉट के रूप में तैयार किए गए अमृत सरोवर देखरेख के अभाव में बदहाल हैं। दर्जनों सूखे पड़े सरोवर में धूल उड़ रही है।प्यास बुझाने के लिए बेजुबान भटक रहे हैं।ऐसे में ग्रामीणों के लिए बेहतर माहौल स्थापित करने की मुहिम दम तोड़ती दिख रही है।उधर जिम्मेदार सूखे तालाबों को भरने की व्यवस्था नहीं कर रहे।ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को दूर करने के लिये 25 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार कर तालाबों के सौदर्गीकरण और जल संरक्षण को लेकर कवायद तो की गई । लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है रविवार के दिन दैनिक अमृत प्रभात की पड़ताल में करियारी जलालपुर गांव में लाखों खर्च के बाद भी तालाब सूखा पड़े है पानी की जगह घास फूस उगी है।

## फरारी स्थाई वारंटी गिरफ्तार, पुलिस थाना पिछोर द्वारा दो साल से फरार 01 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया गया




हरिओम परिहार

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक व्दारा चलाये जा रहे स्थाई वारन्टी अभियान में दिनाँक 07.04.2024 को थाना प्रभारी पिछोर रत्नेश यादव ने मुखबिर सूचना पर प्रकरण क्रमांक 209/22 मे फरार स्थाई बलराम लोधी पुत्र किशनलाल लोधी उम्र 32 साल निवासी ग्राम कुटावली थाना पिछोर को अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सउनि सतीश जयंत, प्रआर 548 दीपचंद, आर 907 अरुण मेवाफरोश, आर. 957 देशराज गुर्जर, आर. 1054 हाकिम वर्मा की सराहनीय भूमिका रहीं।



# मलाइका-करिश्मा के साथ करीना कपूर की ग्रैंड पार्टी



बॉलीवुड में करीना कपूर का एक पूरा गर्ल गैंग है. वो अक्सर इस गैंग के साथ पार्टी करते हुए नजर आती हैं. इस गैंग में फिटनेस दीवा मलाइका अरोड़ा, उनकी बहन अमृता अरोड़ा, करिश्मा कपूर भी शामिल हैं. ये सभी बॉलीवुड की क्क्रस्र मानी जाती हैं. सभी एक्ट्रेस ने शनिवार रात धमाकेदार पार्टी की थी जिसकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर सामने आए हैं. इन सभी को शनिवार रात मुंबई में घूमते हुए देखा गया. उन्होंने गर्ल्स नाइट आउट का आयोजन किया और डिजाइनर मनीष मल्होत्रा से उनके आवास पर मुलाकात भी की. इस पार्टी में सोशलाइट नताशा पूनावाला भी उनके साथ शामिल हुई थीं. हाल ही में करीना कपूर ने सभी दोस्तों के साथ मिलकर नाइट आउट किया. पार्टी में मलाइका अरोड़ा बेहद ग्लैमरस अंदाज में पहुंची थीं. उन्होंने व्हाइट डीपनेक टॉप में पार्टी में चार-चांद लगा दिए. अृमता भी स्टाइलिश लुक में नजर आईं. मर्डर मुबारक की सफलता के बाद करिशअमा कपूर के चेहरे पर भी अलग ग्लो नजर आया. ये सभी दीवा मनीष मल्होत्रा के घर पर एक डिनर पार्टी में शामिल हुईं.सभी लेडीज ने अपने हुस्न से पार्टी में ग्लैमर ला दिया. वीकेंड को एंजॉय करने के लिए करीना कपूर ने कैजुअल लुक कैरी किया था. उन्होंने टी-शर्ट-टॉप में एंट्री मारी. करिश्मा प्रिंटेड ड्रेस में नजर आईं. सभी ने पैपराजी के लिए ग्रुप पोज दिए.करिश्मा ने अपने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को पार्टी की कुछ झलकियां दिखाईं. उनकी, बेबो, अमृता, मलायका, मनीष और नताशा पूनावाला की तस्वीर ने माहौल तैयार कर दिया. उसका कैप्शन ÷इस क्रू के साथ हमेशा एक मजेदार रात एक जीवंत शाम का संकेत देता है, और, स्वाद बढ़ाने के लिए... उन्होंने पार्टी से डिनर की झलक भी शेयर की. करीना कपूर खान फिलहाल अपनी फिल्म क्रू की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें कृति सेनन, तब्बू और दिलजीत दोसांझ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. वहीं करिश्मा कपूर ने भी हाल में मर्डर मुबारक में शानदार करके खूब वाहवाही लूटी है. दूसरी ओर मलाइका अरोड़ा टीवी पर शो जज करके धमाल मचा रही हैं.

व्हाइट डीपनेक टॉप में पार्टी में चार-चांद लगा दिए. अृमता भी स्टाइलिश लुक में नजर आईं. मर्डर मुबारक की सफलता के बाद करिशअमा कपूर के चेहरे पर भी अलग ग्लो नजर आया. ये सभी दीवा मनीष मल्होत्रा के घर पर एक डिनर पार्टी में शामिल हुईं.सभी लेडीज ने अपने हुस्न से पार्टी में ग्लैमर ला दिया. वीकेंड को एंजॉय करने के लिए करीना कपूर ने कैजुअल लुक कैरी किया था. उन्होंने टी-शर्ट-टॉप में एंट्री मारी. करिश्मा प्रिंटेड ड्रेस में नजर आईं. सभी ने पैपराजी के लिए ग्रुप पोज दिए.क़रिश्मा ने अपने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को पार्टी की कुछ झलकियां दिखाईं.

# 48 की उम्र में दुल्हन बनने को तैयार हैं सुष्मिता सेन

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. वो लंबे समय से रोहमन शॉल को डेट कर रही हैं. दोनों के बीच एक लंबा एज-गैप है. रोहमन मिस यूनिवर्स (1994) विनर गर्लफ्रेंड से 15 साल छोटे हैं. दोनों की लव-स्टोरी काफी चर्चा में रही है. फिलहाल एक नए इंटरव्यू में सुष्मिता ने एक बार फिर अपने वेडिंग प्लान्स को लेकर दिलचस्प खुलासे किए हैं. उन्होंने बताया कि वो शादी जरूर करेंगी. सुष्मिता की लव-लाइफ हमेशा से एक खुली किताब रही है. उन्होंने इस बारे में भी बात की कि वह कब शादी करेंगी और क्या पूर्व प्रेमी अभी भी दोस्त रह सकते हैं. सुष्मिता सेन से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, ओह बिल्कुल यह कभी भी कभी नहीं वाली स्थिति नहीं रही है. चाहे वह बायोजॉकिल क्लॉक हो या सामाजिक अनुकूलन का सही समय, दोनों में से कोई भी शादी करने का सही कारण नहीं है. लेकिन अगर आपको सही शख्स मिल जाए और जहां तक मेरा सवाल है वो सभी बक्सों पर सही बैठता है, तो मैं निश्चित तौर पर शादी कर लूंगी. सुष्मिता ने यह भी बताया कि वो अपने एक्स -बॉयफ्रेंड्स के साथ कैसे दोस्ती मेन्टेन कर रही हैं. उन्होंने इस पर कहा, निश्चित रूप से ये मुश्किल और भ्रमित करने वाला फैसला है. बहुत से लोग अपने एक्स-पार्टनर्स के दोस्त हो सकते हैं और नहीं जानते कि कहां रेखा खींचनी है या कहां सीमाएं तय करनी हैं. लेकिन यह संभव है क्योंकि मैंने ऐसा होते देखा है, और मैं अपने जीवन में भी इसे पाकर धन्य हूं...जब सुष्मिता से पूछा गया कि वह इतनी गरिमा के साथ दिल टूटने से कैसे निपटती हैं, तो उन्होंने कहा, खैर, मेरी जिंदगी निश्चित रूप से एक खुली किताब रही है क्योंकि मैंने इसे बहुत ईमानदारी से और कभी-कभी निडर होकर जीया है. लेकिन ऐसा कहने के बाद, गरिमा एक ऐसी चीज़ है जो आपके जीवन के सिर्फ एक पहलू में ही नहीं दिखती है - यह है कि आप कौन हैं. इसलिए, आप जो भी फैसले लेते हैं, चाहे वे आपको चोट पहुंचाएं, चाहे आपके साथ विश्वासघात हो, या चाहे आप गलती पर हों, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता.उन्होंने आगे कहा कि अगर कुछ ऐसा नहीं होता है, तो आप उस सबक को महत्व देते हैं और आगे बढ़ते हैं.



# एक हफ्ते में करीना कपूर की क्रू ने किया कमाल, 100 करोड़ का आंकड़ा पार

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन-स्टारर क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है. फिल्म को रिलीज हुआ पूरा एक हफ्ता हो गया है. ये दर्शकों को पसंद आ रही है. स्ड्डष्ठ्वद्यद्मञ्.ष्थ्द्ब के बॉक्स ऑफिस अपडेट के अनुसार, फिल्म रिलीज के एक सप्ताह बाद भी 50 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है. रिलीज़ के 7 दिनों में क्रू ने कुल 43.75 करोड़ का कलेक्शन किया था. आठवें दिन के आंकड़ों की बात करें तो क्रू को अब तक कुल 47.21 करोड़ का कलेक्शन होने का अनुमान है.क्रू में कोहीनूर एयरलाइंस की तीन फ्लाइट अटेंडेंट की कहानी है. कॉमेडी-थ्रिलर इंडियन बॉक्स ऑफिस पर थोड़ा सुस्त चल रही है. वहीं वर्लड वाइड इसने 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रू ने शुरुआती अनुमान के मुताबिक अपने दूसरे शुक्रवार को 3.46 का कलेक्शन किया है. चूँकि अगले दो दिन वीकेंड पर कोई बड़ी रिलीज़ नहीं होगी, इसलिए क्रू को बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की उम्मीद है. रिलीज़ के 7 दिनों में क्रू ने कुल 43.75 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं आठवें दिन फिल्म टोटल 47.21 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई है. उम्मीद है शनिवार को फिल्म 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर पाएगी. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शुक्रवार को क्रू की हिंदी ऑक्यूपेंसी 11.29प्रतिशत थी. दूसरी ओर क्रू को वर्ल्ड-वाइड काफी शानदार बढ़त देखने को मिली है, इंडस्ट्री ट्रैकर के अनुसार फिल्म ने दुनियाभर में सातवें दिन तक 87.28 करोड़ का कलेक्शन किया था. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी क्रू जल्द ही 150 करोड़ का आंकड़ा पार लेगी. क्रू में करीना कपूर खान, तब्बू और कीर्ति सेनन एयर होस्टेस की भूमिका में हैं. ये तीनों ऐसी फ्लाइट अटेंडेंट हैं जो गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रही हैं, क्योंकि उन्हें अपनी कंपनी से भुगतान नहीं मिला है. डकैती कॉमेडी में दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा, सास्वता चटर्जी, राजेश शर्मा और कुलभूषण खरबंदा भी हैंय इसे बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क बैनर के तहत बनाया गया है.



# करोड़ों के घर और लग्जरी कारों की मालकिन हैं रश्मिका मंदाना



साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश भी कहा जाता है, वह अपनी एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से लाखों दिलों पर राज करती हैं रश्मिका मंदाना भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं और इस समय सातवें आसमान पर हैं क्योंकि उनकी फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर रिकार्ड तोड़ परफार्म किया है. एक्ट्रेस ने अपने करियर के दौरान कई अवार्ड्स जीते हैं. वह एक लग्जरी लाइफ जीती हैं और उन कुछ साउथ इंडियन इंडस्ट्री की एक्ट्रेस में से हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में जगह बनाई है. साल 1996 में जन्मी इस एक्ट्रेस ने किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की. वह तब से कई हिट फिल्मों का हिस्सा रही हैं और सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक हैं. एक्ट्रेस ने एक शानदार जीवनशैली अर्जित की है और वह अपने आउटफिट और अन्य वस्तुओं के लिए चर्चा में रहती है. रश्मिका मंदाना फिल्मों, विज्ञापनों और अन्य प्रोजेक्ट्स से खूब कमाई करती हैं. इस आलेख में, हम आपको एक्ट्रेस के भव्य घरों, महंगी कारों, कमाई और कुल संपत्ति के बारे में बताएंगे. रश्मिका अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली अदाकारी से ऑडियंस को दिवाना करने के लिए जानी जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें बड़ी फिल्में ऑफर की जा रही हैं. विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति लगभग 45 करोड़ रुपये आंकी गई है. एक्ट्रेस की मासिक आय 60 लाख रुपये से ज्यादा बताई जाती है और बताया जाता है कि उनकी सालाना आय 8 करोड़ रुपये है. रश्मिका दक्षिण भारतीय फिल्म में 10 सबसे अधिक भुगतान पाने वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं. वह प्रति फिल्म लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. एनिमल की शानदार सफलता के बाद वह अपनी फीस बढ़ा दी हैं.

# इटली की बर्फीली वादियों में दिशा पटानी ने की शूटिंग

बॉलीवुड की सबसे फिट और हॉट एक्ट्रेस में से एक दिशा पाटनी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कल्कि को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में एक्ट्रेस का वीडियो खूब वायरल हो रहा है, ये वीडियो फिल्म के इटली सेट से सामने आया है, इस वीडियो में दिशा बर्फीली वादियों के बीच कंबल में लिपटी हुई नजर आ रही हैं. वहीं एक एक फोटो में दिशा पटानी कार के अंदर बैठी नजर आ रही हैं और एक आर्टिस्ट उनका मेकअप कर रहा है. एक अन्य तस्वीर में वह काली जैकेट पहने मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस दिशा पटानी, जो कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगी, ने इटली में फिल्म की शूटिंग की एक झलक दिखाते हुए कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं. दिशा ने एक्स पर अपनी पोस्ट शेयर की और लिखा, इटली कल्कि 2898ष्. पहले वीडियो में दिशा तेज हवा के बीच गुलाबी कंबल में लिपटी नजर आ रही थीं. जैसे ही वह आगे बढ़ी, उसकी टीम ने कंबल को कस कर पकड़ लिया. एक फोटो में वह कंबल ओढ़े प्रभास के बगल में खड़ी नजर आ रही हैं. उन्होंने काली जैकेट और लाल पैंट पहन रखी थी. दिशा को एक कार के अंदर बैठे देखा गया और एक मेकअप आर्टिस्ट ने उनका मेकअप किया. एक अन्य तस्वीर में वह काली जैकेट पहने मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं. प्रभास एक ग्रे स्वेटशर्ट, टोपी और धूप का चश्मा पहने हुए पीछे खड़े थे और उन्होंने सेल्फी ली. अगली पोस्ट में दिशा ने सड़कों पर सैर की, हरियाली और कार की सवारी का आनंद लिया. मेकअप होने के बाद उन्होंने अपनी सेल्फ़ी भी शेयर की. दिशा ने प्रकृति और सड़कों की तस्वीरें भी शेयर कीं. नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. दिशा और प्रभास के अलावा, फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. कल्कि 2898 एडी ने पिछले साल सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में अपनी शानदार शुरुआत के बाद धूम मचा दी और बड़े पैमाने पर वर्ल्ड वाइड तारीफ पाई है. कल्कि 2898 ई. के मेकर्स ने वाराणसी, मुंबई, दिल्ली, चंडीगढ़, चेन्नई, मदुरै, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, गुंटूर, भीमावरम, कश्मीर और विजयवाड़ा सहित कई शहरों में रिलीज डेट की घोषणा की.





# डबल इंजन की सरकार में आपकी और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहने की गारंटी रहेगी: प्रद्युम्न सिंह तोमर

## ऊर्जा मंत्री ने किया भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**महेन्द्र शर्मा उप पुष्पजली टूडे**

**ग्वालियर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार को गति देने के लिए ग्वालियर 15 विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन शनिवार की दोपहर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किया। चिरौंजी लाल शिवहरे की बिल्डिंग (अशोक टॉकीज) में आयोजित इस कार्यक्रम मे ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा समस्त मंडल अध्यक्ष गण तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद एक बार फिर ग्वालियर में विकास की नई इमारत लिखने जा रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में छोटी-मोटी शिकायतें और शिकवे होते रहते हैं, लेकिन आपका यह सेवक आपको विश्वास दिलाता है कि वह आपकी हर शिकायत को दूर करता रहेगा। चुनाव कार्यालय की उद्घाटन के अवसर पर भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा भी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में इस समय डबल इंजन की सरकार है और हम सब आपको भरोसा दिलाते हैं कि डबल इंजन की सरकार भविष्य में आपकी और आपकी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखेगी। उन्होंने कहा कि जेसी मिल के मजदूरों को उनका दिलाने का काम अंतिम दौर में है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार फिर कमल खिलाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुलश्रेष्ठ, भाजपा महाराजा मानसिंह तोमर मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह तोमर, संत रविदास मंडल अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, कोटेश्वर मंडल अध्यक्ष प्रयाग सिंह तोमर, दुर्गादास मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, रानी लक्ष्मीबाई मंडल अध्यक्ष मनमोहन पाठक सहित अन्य भाजपा नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी संघ की संभागीय बैठक एवं होली मिलन समारोह हुआ सम्पन्न

# क्षेत्र संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच व क्षेत्र समन्वयक श्री केशव जी दुबोलिया जी ने अपनी शक्ति रूचि पेशनेट का जीवन में महत्व बताया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर।** म.प्र. राज्य अधिकारी संघ की संभागीय बैठक एवं होली मिलन समारोह 2024 सिटी सेंटर के एक होटल में दिनांक 07 अप्रैल 2024 को सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण आयोग श्री बसंत पुरोहित जी ने की। मुख्य अतिथि रहे पूर्व आई.ए.एस. एवं कमिश्नर बी.एस. शर्मा ग्वालियर संभाग विशिष्ट आतिथ्य जिला भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री श्री कुलदीप जी गुर्जर रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्वदेशी जागता मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री केशव जी दुबोलिया रहे।सर्वप्रथम मा. भारती तथा दत्तोपंत देगणी जी के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्जवलन दीप मंत्रोच्चार के साथ किया जाकर कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया।वन्दे मातरम राष्ट्गीत गायन श्री योगेश जी जैन द्वारा सस्वर पाठ कर सबका मन मोह लिया।अतिथि औपचारिकता स्वागत के बाद शाब्दिक स्वागत अध्यक्ष डॉ. नवीन दुबे ने रखा।संघ परिवार से चार सेवानिवृत्त अधिकारियों (आयुष पुलिस वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग) का अतिथियों द्वारा शॉल श्रीफल देकर अभिनंदन पत्र का वितरण किया गया।लगभग 15 विभागों के सभी जिलों से पधारे अधिकारी वर्ग को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री श्री कुलदीप सिंह जी ने मार्गदर्शन दिया। संगठन शक्ति का पाठ पढ़ाया। माननीय क्षेत्र संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंत्री तथा समन्वयक क्षेत्र श्री केशव जी दुबोलिया जी ने अपनी शक्ति रूचि पेशनेट इत्यादि का महत्व जीवन में बताया। पूर्व कमिश्नर बी.एस. शर्मा जी ने होली की शुभकामनायें देते हुये कार्य के प्रति समर्पण को बताया।अध्यक्षीय उद्बोधन आसन्दी से बसंत पुरोहित जी ने दिया। होली मिलन पर एडवोकेट सुधीर चतुर्वेदी ने होली गीत प्रस्तुत किया।बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन होकर जिलाध्यक्ष पद पर डॉ. नवीन दुबे सचिव पद पर डॉ. एस. के. दीक्षित बने।आभार प्रदर्शन सचिव डॉ. एस. के. दीक्षित तथा मंच संचालन डॉ. सुरेन्द्र प्रधान ने किया। स्वरूचि भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भरवाए 122 महिलाओं के फॉर्म

## जिले भर में जगह-जगह आयोजित हुईं चुनावी चौपाल



जिन क्षेत्रों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है उन क्षेत्रों में चुनावी चौपाल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले के विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर दक्षिण के अंतर्गत लश्कर क्षेत्र में लगाई गई चौपाल में पहुँची 122 महिलाओं के फॉर्म (प्रारूप-6) मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भरवाए गए। इसी तरह भितरवार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झाऊ में आयोजित हुई चुनावी चौपाल के प्रति ग्रामीण मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार एवं भितरवार के एसडीएम डी एन सिंह भी इस चौपाल में शामिल हुए। शुक्रवार को ग्राम पारसेन व उटीला सहित जिले के विभिन्न ग्रामों और ग्वालियर दक्षिण के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्र.-204 सहित अन्य मतदान केन्द्रों से जुड़ी बस्तियों में चुनावी चौपालों का आयोजन किया गया। उटीला की चौपाल में पाँच लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रारूप-6 में आवेदन भरवाए गए। साथ ही चौपाल के लिये निर्धारित सात बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की गई।

# एक साथ मैदान में उतरे अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधिगण



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर सहित सम्पूर्ण जिलेवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधिगण रविवार को एक साथ मैदान में उतरे। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत जिले में आयोजित हो रहीं मतदाता जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इस दिन जिला प्रशासन एवं मीडिया की टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। रूपसिंह स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में जिला प्रशासन की टीम ने मीडिया टीम को इकतरफा मुकाबले में 9 विकेट से पराजित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की कप्तानी में प्रशासन एकादश की टीम ने शुरू से ही मीडिया टीम को संभलने का मौका नहीं दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मीडिया टीम के सभी खिलाड़ी 8 ओवर के भीतर मात्र 20 रन बनाकर पवेलियन लौट आए। प्रशासन एकादश की टीम ने इस लक्ष्य को एक विकेट खोकर चौथे ओवर में ही हासिल कर लिया। प्रशासन एकादश की तरफ से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखाया और वे प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किए गए। उन्होंने ओवर हैट्रिक सहित कुल 4 विकेट चटकाए। साथ ही बल्लेबाजी के दौरान तीन शानदार चौके सहित कुल 13 रन बनाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, सीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार, शिशिर श्रीवास्तव व भीमा ने एक-एक विकेट हासिल किया। मीडिया टीम के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। प्रशासन एकादश की टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज के रूप में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह मैदान पर उतरे। कलेक्टर श्रीमती चौहान एक रन बनाकर पवेलियन लौटीं। उन्हें नासिर गौरी ने कॉट एण्ड बोल्ड आउट किया। नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह 7 रन बनाकर नाबाद रहे। पहला विकेट गिरने के बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार क्रीज पर पहुँचे और उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर प्रशासन एकादश को विजयश्री दिलाई।

मैच के अंत में जिला प्रशासन एकादश को विजेता और मीडिया एकादश को उप विजेता की सील्ड प्रदान की गई। साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच, मीडिया एकादश के नासिर गौरी को बेस्ट मूमेंट और एपीआरओ हितेन्द्र सिंह भदौरिया को कमेंट्री के लिये पुरस्कृत किया गया।

# जीतू पटवारी के नजदीकी डॉ. दिलीप समाधिया सैंकड़ों समर्थकों संग भाजपा में शामिल

## सिंधिया एवं डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराकर भाजपा के विजय अभियान में जुटने एवं 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में सहयोगी बनने का दिलाया संकल्प

### कांग्रेस की सनातन विरोधी सोच से आहत होकर छोड़ी पार्टी- डॉ. समाधिया

इस अवसर पर डॉ. दिलीप समाधिया ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की सनातन विरोधी सोच एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बहिष्कार से आहत होकर कांग्रेस छोड़ने का फैसला लिया है। डॉ. समाधिया ने कहा कि देश के मौजूदा माहौल में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही देश को सबल, मजबूत एवं विकासोन्मुखी नेतृत्व देने में सक्षम है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में जिस तरह चंहुमुखी विकास हुआ है, वह इस बात का द्योतक है कि देश और जनता की नब्ज पर सिर्फ भाजपा की ही पकड़ है, कांग्रेस सहित बाकी विपक्षी दल अप्रासंगिक हो चुके हैं।

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कांग्रेस को आज उस वक्त एक और झटका लगा जब स्थानीय राजनीति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नजदीकी एवं विश्वासपात्र माने जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. दिलीप समाधिया ने अपने सैंकड़ों समथकों एवं सहयोगियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। डॉ. दिलीप समाधिया को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं भाजपा के न्यू ज्वाइनिंग टोली प्रमुख पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भगवा पट्टिका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। डॉ. दिलीप समाधिया कई वर्ष तक ग्वालियर जिला कांग्रेस कमेटी की चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रहे हैं। विगत विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र ÷राहू÷ में कांग्रेस का प्रचार प्रसार प्रभारी बनाया था। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा परिवार में डॉ. दिलीप समाधिया का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा डा. समाधिया के अनुभव, वंचितों व समाज के कमजोर वर्ग के प्रति सेवा भाव एवं राजनीतिक क्षेत्र में प्रदर्शित ईमानदारी, शुचिता एवं संकल्प शक्ति का लाभ उठाएगी। श्रीमंत सिंधिया ने इस अवसर पर सभी नवांगुतक नेताओं व कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। डॉ. समाधिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अपने सभी उपस्थित समर्थकों को 2047 तक भारत को विकसित राष्टों की श्रेणी में खड़ा करने के अभियान में जुटने एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। ज्ञातव्य है कि डॉ. दिलीप समाधिया की ग्वालियर चंबल अंचल में पहचान एक प्रखर राजनेता के रूप में तो है ही, इसके अलावा उन्हें निर्धन, वंचित व कमजोर वर्ग की बस्तियों में नियमित रूप से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने एवम निशुल्क दवा वितरण के लिए भी जाना जाता है।

# अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना करने के बाद मुरैना पहुंचे

**ग्वालियर।** सर्वहारा वर्ग के मुरैना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के लाडले प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने आज रविवार को अचलेश्वर महादेव पर पूजा-अर्चना करने के बाद मुरैना के लिये सैकड़ों वाहनों के काफिले ओर हजारों समर्थकों के साथ रवाना हुए । जैसे ही काफिला रायरू पहुंचा , वहां लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। अबकी बार नीटू सिकरवार के नारे गूंजते रहे। मुरैना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' रायरू पहुंचने के बाद वह करह धाम पटिया वाले बाबा पहुँचें और पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। इसके पश्चात् स्व. कालीचरण कुशवाह के पैतृक गांव पहुँचकर उनकी प्रतिमा तत्पश्चात चोखूटी गांव पहुंचे और स्व. सोवरन सिंह मावई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया और जडेरूआ सरकार, रामजानकी मंदिर गंज मुरैना पहुंच कर पूजा अर्चना की । स्व. जहार सिंह कक्का पूर्व मंत्री की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और इस्लामपुरा पहुँचकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया । साथ ही घरौना मंदिर, बाबा जोधा सरकार,बाबा देवपुरी मंदिर, नेतमपुरी महाराज खांडोली, सरसेनी सती मैया, दलखू बाबा, बाबा मनीरामपुरी की समाधि तौर, बदरपुरा सती मैया, छैरा जौरा मानपुर सती मैया, कटबरी हनुमान जी मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर बागचीनी चौराहा, मुंगावली मंदिर और सायं मुरैना गांव दाउजी मंदिर पर पहुँचकर पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया ।

# नाबालिग अपहृता को कैलारस के पास से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गिरवाई पुलिस की कार्यवाही,थाना गिरवाई पुलिस की टीम ने नाबालिग अपहृता को कैलारस के पास से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार

*ग्वालियर -- पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) ग्वालियर श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।दिनांक 18.03.2024 को फरियादी जागेश्वर कुशवाह(परिवर्तित नाम) निवासी गिरवाई ने थाना गिरवाई में रिपोर्ट लेख कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। जिस पर से थाना गिरवाई में अप0क्र0 51/24 धारा 363 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी गिरवाई द्वारा उक्त नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने के लिये थाना बल की टीम को लगाया गया। उप पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गिरवाई निरी. प्रीति भार्गव व पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिका की तलाश में अथक प्रयास किये गये। अपहृता का घटना दिनांक से मोबाइल बंद आ रहा था तथा*



*परिजनों द्वारा जिस संदेही पर शंका जाहिर की गई थी उसके द्वारा घटना दिनांक के बाद अपना पुराना नंबर बंद कर रोज नये-नये नंबरों का उपयोग किया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा उक्त अपहृता की लगातार पतारसी कर साइबर सेल की तकनीकी मदद से कल दिनाक 05.04.2024 को मुरैना जिला की कैलारस तहसील के पास से रात्रि को 10.00 बजे संदेही आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से नाबालिग अपहृता को सकुशल दस्तयाव किया गया। अपहृता के नाबालिग होने से आरोपी को गिरफ्ड़तार कर जेल भेजा गया है तथा अपहृत बालिका को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। थाना गिरवाई पुलिस द्वारा विवेचना में आये तथ्यों के आधार पर अपराध में बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं बड़ाई गई। परिजनों ने पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही की सराहना की है।*

**सराहनीय भूमिका:**

*– उक्त नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में थाना प्रभारी गिरवाई निरीक्षक प्रीति भार्गव, उनि पूजा भदौरिया, सउनि कप्तान सिंह, महिला आर. टीनू रावत, उर्मिला मरावी, आर. सिंघराम रावत, आर मनीष कुमार, कमल रावत, गौरव तोमर की सराहनीय भूमिका रही है।*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478